# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
# जिला-मुंगेली (छ.ग.)

कलेक्टोरेट परिसर, कम्पोजिट बिल्डिंग, प्रथम तल, कक्ष क्र.-211

ई-मेल : mungelideo@gmail.com


## -:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::-

क्र./SAGES/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2023-24/10235　　मुंगेली, दिनांक __/08/2023 14/09/2023

छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 13-08/2021/20-तीन नवा रायपुर, दिनांक 01.04.2022 के द्वारा वर्ष 2022-23 में मुंगेली जिले अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नर्सरी कक्षायें प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है, साथ ही सत्र 2023-24 में स्वीकृत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नर्सरी कक्षायें प्रारंभ किया जाना है। तदानुक्रम में (1) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दाऊपारा(मुंगेली), (2) मंहत जगन्नाथ दास शासकीय इंग्लिश स्कूल लोरमी, (3) स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पथरिया, (4) गौ.अं.दा.पा. उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय लालपुर थाना, (5) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय सरगांव एवं (6) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोतिमपुर(अमरटापू) में नर्सरी शिक्षिका के संविदा पदों पर इच्छुक आवेदकों से विज्ञापन जारी दिनांक 14/09/2023 से दिनांक 28/09/2023 सायं 05:00 बजें तक ऑनलाईन आवेदन जिले के वेबसाईट **https://mungeli.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेंगे। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| क्र. | पद का नाम | पद संख्या | | | | योग | संविदा हेतु एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अजजा | अजा | अपिव | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मॉनटेसरी शिक्षिका | 6 | 1 | 3 | 2 | 12 | 15000.00 | 01 अंग्रेजी माध्यम से हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण।<br>02 मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा वि.वि. से पी.पी.टी.टी. (प्री प्रायमरी टीचर्स ट्रेनिंग)/एन.टी.टी. (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग), एम.टी.टी. (मॉनटेसरी टीचर ट्रेनिंग) या मॉनटेसरी टीचर ट्रेनिंग संबंधी समकक्ष योग्यता।<br>03 पी.पी.टी.टी. (प्री प्रायमरी टीचर्स ट्रेनिंग)/ एन.टी.टी. (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग), एम.टी.टी. (मॉनटेसरी टीचर ट्रेनिंग) आवेदक नहीं मिलने की स्थिति में डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा। |
| 2 | आया | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 | 6000.00 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं मुंगेली जिला का निवासी होना आनिवार्य है। |




Scanned with CamScanner

**संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्ति अभ्यर्थी पर छ0ग0 संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्ते लागू होंगें।

2. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 (एक) माह का वेतन या सेवा समाप्ति पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

3. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

4. उपरोक्त विज्ञापित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा पद पर नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) क्रमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी। विज्ञापन के पदों में जिले के सेटअप के अनुसार 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

5. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी, विज्ञापन में उल्लेखित एक मुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थायीकरण, नियमितिकरण, संविलयन, पेंशन या कोई अन्य लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।

6. संबंधित कर्मचारियों का नियुक्ति उपरान्त कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में समिति द्वारा उन्हे पदच्युत किये जाने का अधिकार होगा।

7. पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची/कौशल परीक्षा/आदि की जानकारी एवं अन्य सूचना समय-समय पर जिले के वेबसाईट **https://mungeli.gov.in** में अपलोड की जायेगी, इसके लिए पृथक से पत्र या सूचना नहीं भेजी जावेगी।

8. अभ्यर्थी उक्त पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें, त्रृटि पूर्ण आवेदन भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है।

9. उपरोक्त सभी पद DMF से स्वीकृत है एवं पूर्णतः अस्थाई है।

10. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

11. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।

12. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जावेगा।

13. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समूह मुंगेली का निर्णय सर्वमान्य होगा।



Scanned with CamScanner

संविदा भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें :-

संविदा भर्ती में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करनी होगी :-

1. 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष पूर्ण न की हो।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का तो उच्चतर आयु सीमा छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा।
3. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।
4. चूँकि विज्ञापित संविदा कर्मियों का पदरचना क्रम जिले से स्वीकृत किया गया है पद पूर्णतः अस्थाई है एवं मानदेय का भुगतान जिले के DMF मद से किया जाएगा।
5. अंग्रेजी माध्यम से हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
6. PPTT/NTT/MTT या योग्यता प्रमाण पत्र समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय का प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
7. आवेदक को समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र विज्ञापन तिथि तक उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज :-

सत्यापन के समय आवश्यक प्रमाण पत्रों के मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है :-

1. समस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता प्रमाण पत्र
2. जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित पदों पर)
3. निवास प्रमाण पत्र
4. आयु प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र या हाईस्कूल की अंक सूची)
5. पहचान प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/ईपिक कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/शासन द्वारा जारी अन्य दस्तावेज)
6. PPTT/NTT/MTT या योग्यता प्रमाण पत्र समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय का प्रमाण पत्र
7. दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो

ऑनलाईन आवेदन के संबंध में आवश्यक निर्देश :-

1. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का Gmail आई.डी. (उदा.-abc@gmail.com) होना अनिवार्य है।
2. Gmail आई.डी. न होने की स्थिति में अभ्यर्थी Googal में जाकर Gmail आई.डी. बना लेवें।
3. अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए लैपटॉप/डेस्कटॉप में Googal Chrome का उपयोग करें।
4. ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।
5. ऑनलाईन आवेदन भतने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **https://mungeli.gov.in** पर जावें।
6. जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिए निम्ननानुसार 01 लिंक उपलब्ध है :-



Scanned with CamScanner

**संविदा भर्ती चयन प्रक्रिया :-**

1. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जिला मुंगेली हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत किये गये है, जिनके लिये पृथक-पृथक शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सेट-अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक-पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है। जिस पर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की संचालन एवं प्रबंधन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत आवेदन लिए जा रहे है। प्राप्त आवेदन की मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुए अधिकतम 05 गुना तक अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों के जॉच/सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु आहूत किया जावेगा।

2. अंतिम चयन हेतु निम्नांकि तालिका अनुसार गणना की जायेगी :-

| क्र. | पदनाम | भारांश प्राप्तांक (प्रतिशत का) | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|
| 1 | मॉनटेसरी शिक्षिका | हाईस्कूल 35% | 100 |
| | | हायर सेकेण्डरी 50% | |
| | | साक्षात्कार 15% | |
| 2 | आया | हायर सेकेण्डरी 100% | 100 |

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला शिक्षा अधिकारी
मुंगेली(छ.ग.)

पृ.क्र./SAGES/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2023-24/10236 मुंगेली, दिनांक 14/~~08~~/2023
14/09/2023

प्रतिलिपि :-

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला मुंगेली की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. सहायक संचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला मुंगेली को सूचनार्थ भेजकर लेख है कि दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराने का कष्ट करें।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. मुंगेली को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
मुंगेली(छ.ग.)



Scanned with CamScanner

➢ मॉनटेसरी शिक्षिका एवं आया पद पर आवेदन हेतु लिंक
https://forms.gle/6EQLK7iHPydVyzDo7

जिला शिक्षा अधिकारी
मुंगेली(छ.ग.)

Scanned with CamScanner